# नशे के खिलाफ चलेगा अभियान

## सीएम ने सामाजिक न्याय विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 25 जून. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दिव्यांगजन के आवागमन के लिए सभी शासकीय भवनों को बाधारहित बनाना आवश्यक है. बच्चों में दिव्यांगता के बारे में संवेदनशीलता विकसित करने के लिए स्कूली पाठ्यक्रम में आवश्यक सामग्री शामिल की जाए. उन्होंने कहा कि नशे के दुष्परिणामों से किशोरों और युवाओं को समय रहते परिचित कराना जरूरी है. नशे के विरूद्ध वातावरण बनाने के उद्देश्य से स्कूली और कॉलेज स्तरों के पाठ्यक्रमों में नशे के विरूद्ध जागरूकता पर केंद्रित सामग्री शामिल की जाए.**




> नशामुक्ति भारत अभियान के तहत 12 हजार वालेंटियर्स बनाये गये हैं, जो नशे के दुष्परिणामों से जन सामान्य को अवगत करा रहे हैं. दिव्यांगजन को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें रोजगार उपलबध कराने के लिए भारत सरकार से प्राप्त पुरस्कार संस्थानों से एमओयू किया गया है. इन संस्थाओं द्वारा 12 दिव्यांगजनों को रोजगार उपलब्ध कराया गया. वृद्धजनों की देखभाल के लिए 54 प्रतिभागियों को केयर-गिवर का प्रशिक्षण दिलवाया गया.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उक्त निर्देश गुरुवार को मंत्रालय में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा बैठक में दिए. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जन्म दिवस, विवाह वर्षगांठ जैसे शुभ अवसरों और परिजन की स्मृति में जरूरतमंदों को भोजन कराने की परंपरा भारतीय संस्कृति में रही है. उन्होंने ऐसी व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक पहल को, प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर निराश्रितों को भोजन कराने के लिए निश्चित व्यवस्था के रूप में विकसित करने का सुझाव दिया.

बैठक में जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री सेवा पखवाड़ा अभियान वर्ष 2025 के तहत प्रदेश में 6 करोड़ 52 लाख रुपए के कृत्रिम अंग एवं सहायक यंत्र दिव्यागंजन को उपलब्ध कराये गये. प्रदेश में दिव्यांगजन के लिए संचालित विशेष विद्यालयों में दिव्यांगजन के लिए 168 स्मार्ट क्लास तैयार की गई हैं.

# 'स्टूडेंट्स वॉयस' अभियान का शुभारंभ

- छात्रों की आवाज़ बुलंद करने उतरी कांग्रेस
- परीक्षा घोटालों के खिलाफ 40 दिवसीय अभियान शुरू

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 25 जून. देशभर में परीक्षा प्रणाली से जुड़े विवादों, पेपर लीक, परिणामों में देरी और भर्ती घोटालों के खिलाफ कांग्रेस ने गुरुवार को भोपाल से 40 दिवसीय 'स्टूडेंट्स वॉयस' (छात्रों की गूंज) अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया. पार्टी ने इस अभियान को उन लाखों छात्रों और प्रतियोगी परीक्षार्थियों की आवाज़ बताया, जिनका भविष्य लगातार सामने आ रही अनियमितताओं के कारण प्रभावित हो रहा है.**

अभियान के शुभारंभ अवसर पर आयोजित पत्रकार वार्ता में छात्रों ने शिक्षा व्यवस्था की खामियों से जुड़े अपने अनुभव साझा किए. पन्ना के मेधावी छात्र लक्ष्य मिश्रा ने बताया कि कक्षा 10वीं की हिंदी परीक्षा में मूल्यांकन त्रुटि के कारण उनके 17 अंक कम कर दिए गए. उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद सीबीएसई की ओर से उन्हें न्याय नहीं मिला.

वहीं खंडवा की नीट अभ्यर्थी खुशी ने कहा कि वर्षों की कठिन तैयारी के बाद भी परीक्षा से जुड़े विवादों ने छात्रों को असमंजस और मानसिक तनाव की स्थिति में पहुंचा दिया है. उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा को लेकर उत्पन्न परिस्थितियों ने हजारों छात्रों के सपनों पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है.

कांग्रेस ने अभियान के तहत अगले 40 दिनों में छात्र संवाद कार्यक्रम, जनजागरण अभियान और इंदौर से भोपाल तक विशाल साइकिल रैली आयोजित करने की घोषणा की है. अभियान का समापन 9 अगस्त को दिल्ली में प्रस्तावित राष्ट्रीय प्रदर्शन के साथ होगा, जिसका नारा होगा 'शिक्षा बचाओ, भविष्य बचाओ.'

### शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग



कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने केंद्र सरकार पर परीक्षा प्रबंधन में विफल रहने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि सरकारी लापरवाही की सजा छात्रों को भुगतनी पड़ रही है. उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए परीक्षा प्रक्रिया की स्वतंत्र और तृतीय-पक्ष जांच कराने की आवश्यकता बताई. उनका कहना था कि प्रश्नपत्रों की छपाई से लेकर परिवहन और परीक्षा केंद्रों के संचालन तक पूरी व्यवस्था का ऑडिट कराया जाना चाहिए.

### देशव्यापी आंदोलन की रूपरेखा घोषित



> मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भर्ती परीक्षाओं में बार-बार सामने आ रही अनियमितताओं पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि शिक्षा को समान अवसर का माध्यम बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण और नि:शुल्क शिक्षा व्यवस्था लागू की जानी चाहिए.

## उफनते नाले में बहने से दो युवकों की मौत

**देवास.** जिले के सतवास थाना क्षेत्र में उफनते नाले को पार करते समय मोटरसाइकिल सहित बह जाने से दो युवकों की मृत्यु हो गई. कन्नौद निवासी धर्मेंद्र (34) और अमित (24) पीपलकोटा स्थित एक निजी वित्त कंपनी में कार्यरत थे. दोनों कार्य समाप्त कर बाइक से लौट रहे थे. इसी दौरान पीपलकोटा और कोथमीर के बीच स्थित रपटे पर तेज बहाव वाले नाले को पार करने का प्रयास करते समय वे बाइक सहित बह गए. ग्रामीणों ने उन्हें नाला पार नहीं करने की सलाह दी थी, लेकिन दोनों आगे बढ़ गए.

# कानपुर-मदुरै के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

- भोपाल, इटारसी और बीना के यात्रियों को मिलेगा सीधा लाभ

**भोपाल, 25 जून. यात्रियों की सुविधा और बढ़ती यात्रा मांग को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने कानपुर सेंट्रल और मदुरै के बीच विशेष ट्रेन 01925/01926 चलाने का निर्णय लिया है. इस स्पेशल ट्रेन के संचालन से उत्तर भारत के कानपुर और दक्षिण भारत के धार्मिक शहर मदुरै के बीच सीधी रेल कनेक्टिविटी मिलेगी. साथ ही भोपाल मंडल के बीना, भोपाल और इटारसी स्टेशन के यात्रियों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा.**

यह ट्रेन हर बुधवार को 1 जुलाई से 29 जुलाई तक कुल 5 फेरे लगाएगी. ट्रेन कानपुर सेंट्रल से सुबह 8:10 बजे रवाना होगी और बीना (3:40 बजे), भोपाल (5:20 बजे) और इटारसी (7:25 बजे) ठहराव लेते हुए मदुरै पहुंचेगी.

वापसी दिशा में यह ट्रेन हर शनिवार को 4 जुलाई से 1 अगस्त तक कुल 5 फेरे लगाएगी. यह ट्रेन मदुरै से रवाना होकर इटारसी (3:05 बजे), भोपाल (5:05 बजे), बीना (8:25 बजे) और ललितपुर (9:13 बजे) ठहरते हुए कानपुर सेंट्रल पहुंचेगी.

इस विशेष ट्रेन के प्रमुख ठहराव पोखरायन, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ललितपुर, बीना, भोपाल, इटारसी, नागपुर, बल्लारशाह, वारंगल, विजयवाड़ा, नेल्लोर, गुडूर, रेणिगुंटा, कटपडी, सेलम, करूर और डिंडीगुल सहित कई स्टेशनों पर रहेंगे.

कोच संरचना की बात करें तो ट्रेन में कुल 22 कोच लगाए जाएंगे. इनमें 1 एसएलआरडी, 1 एसएलआर, 4 सामान्य श्रेणी, 8 स्लीपर, 7 थर्ड एसी और 1 सेकंड एसी कोच शामिल रहेंगे.

रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले ट्रेन की समय-सारणी, ठहराव और आरक्षण स्थिति की जानकारी रेलवे की अधिकृत वेबसाइट, रेल मदद या एनटीईएस के माध्यम से जरूर जांच लें.

## 76 महिला नवारक्षियों का दीक्षांत परेड संपन्न

**नीमच.** नवारक्षी प्रशिक्षण केन्द्र-प्रथम, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल नीमच में गुरूवार को 76 महिला नवारक्षियों द्वारा 44 सप्ताह का बुनियादी प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात शपथ ग्रहण एवं दीक्षांत परेड का आयोजन किया गया. समारोह में मुख्य अतिथि: श्री प्रमोद कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक/प्राचार्य, रंगरूट प्रशिक्षण केन्द्र, केरिपुबल, नीमच ने परेड का निरीक्षण कर, सलामी ली. निरीक्षक/जीडी श्री नीतेश कुमार ने परेड को कमान दी. इस शपथ ग्रहण व दीक्षांत परेड में कुल 04 कंटीनजेंट शामिल हुए. नवारक्षियों ने सच्चे समर्पण से देश सेवा की शपथ ली. मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली नवारक्षियों को ट्रॉफी प्रदान कर उत्साह बढ़ाया. उन्होंने नवारक्षियों को देश-सेवा हेतु शुभकामनाएं व उज्जवल भविष्य की कामना की.

## एक करोड़ की धान हेराफेरी में समिति प्रबंधक को 10 वर्ष की सजा

- सिंगरौली पुलिस की सशक्त विवेचना से आया ऐतिहासिक फैसला
- अपर सत्र न्यायाधीश महेंद्र पाल सिंह ने सुनाया निर्णय



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 25 जून। धान खरीदी में करीब एक करोड़ रुपये की हेराफेरी से जुड़े बहुचर्चित मामले में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश महेंद्र पाल सिंह ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए आरोपी बरका समिति प्रबंधक को 10 साल का कठोर कारावास एवं 50 लाख रूपये जुर्माना अर्थदंड से दंडित किया है। पुलिस की प्रभावी विवेचना और अभियोजन पक्ष की मजबूत पैरवी के आधार पर यह फैसला सामने आया है।**

जानकारी के अनुसार आरोपी उदयपाल सिंह पिता मंगल सिंह उम्र 64 वर्ष निवासी ग्राम पिपरा चौकी बरका, थाना सरई वर्ष 2023-24 के दौरान आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित बरका में समिति प्रबंधक के पद पर पदस्थ था। वह खरीदी केंद्र क्रमांक-1 बरका एवं खरीदी केंद्र क्रमांक-2 पिपरी का खरीदी प्रभारी भी था। लोकसेवक के रूप में कार्य करते हुए उसने 1 दिसंबर 2023 से 19 जनवरी 2024 के बीच खरीदे गए धान 4434720 क्विंटल धान में से 4594.20 क्विंटल धान शासन के भंडारण में जमा नहीं किया तथा उसकी कीमत 1 करोड़ 29 हजार 138 रुपये 60 पैसे का आपराधिक न्यासभंग किया। आरोप है कि उसने शासन के साथ छल करते हुए उक्त राशि का दुरुपयोग किया तथा अन्य आरोपियों के साथ मिलकर आपराधिक षड्यंत्र भी रचा।

### 50 लाख रुपए अर्थदंड सहित कई धाराओं में दोषसिद्ध

मामले में थाना सरई में धारा 420, 409 एवं 120-बी भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया था। विवेचना तत्कालीन चौकी प्रभारी सासन एवं उपनिरीक्षक संदीप नामदेव द्वारा की गई। जांच के दौरान दस्तावेजी, तकनीकी एवं मौखिक साक्ष्य एकत्र कर न्यायालय में मजबूत अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। प्रकरण की पैरवी एजीपी एमके त्रिपाठी द्वारा की गई। साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर महेंद्र पाल सिंह अपर सत्र न्यायाधीश देवसर ने 24 जून को फैसला सुनाते हुए आरोपी उदयपाल सिंह को दोषी करार दिया। न्यायालय ने आरोपी को धारा 409 आईपीसी में 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 50 लाख रुपये अर्थदंड, धारा 420 आईपीसी में 5 वर्ष का कारावास एवं 1 लाख रुपये अर्थदंड तथा धारा 120-बी आईपीसी में 3 वर्ष का कारावास एवं 25 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। एसपी शियाज केएम एवं एएसपी सर्वप्रिय सिन्हा के मार्गदर्शन में हुई इस कार्रवाई को आर्थिक अपराधों के विरुद्ध बड़ी सफलता माना जा रहा है।



# मध्यप्रदेश में मानसून ने पकड़ी रफ्तार

**46** जिलों में बारिश-आंधी का अलर्ट

**02-3** दिन में पूरा प्रदेश होगा तरबतर

**भोपाल, 25 जून. मध्यप्रदेश में मानसून की एंट्री के बाद मौसम ने तेजी से करवट ली है. मौसम विभाग ने प्रदेश के 46 जिलों में तेज आंधी, गरज-चमक और बारिश का अलर्ट जारी किया है. साथ ही अनुमान जताया गया है कि अगले दो से तीन दिनों में मानसून पूरे प्रदेश को कवर कर लेगा.**

हालांकि ग्वालियर-चंबल संभाग ऐसा क्षेत्र रहेगा, जहां मानसून सबसे आखिर में पहुंचेगा.

मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल दक्षिण और दक्षिण-पूर्वी मध्यप्रदेश के 15 जिलों में मानसून सक्रिय हो चुका है. अलीराजपुर, बड़वानी, धार, इंदौर, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला और डिंडौरी में मानसून के प्रवेश की आधिकारिक घोषणा की गई है. इन जिलों के अलावा भोपाल, रायसेन, सीहोर, विदिशा, राजगढ़, उज्जैन, देवास, झाबुआ, नर्मदापुरम, सागर, जबलपुर और बुंदेलखंड के कई इलाकों में 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है.

> प्रदेश के कुछ हिस्सों में अभी भी गर्मी और उमस बनी रहेगी. नीमच, मंदसौर, ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, रीवा और सिंगरौली में उमस भरा मौसम रहने का अनुमान है, जबकि सीधी जिले में लू चलने की चेतावनी जारी की गई है. इस बार मानसून ने सामान्य तिथि को प्रदेश में 9 दिन की देरी से मानसून ने दस्तक दी. इसका असर शुरुआती बारिश के आंकड़ों में भी दिख रहा है. 1 जून से 24 जून तक प्रदेश में औसतन 84.8 मिमी बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन अब तक केवल 42 मिमी वर्षा दर्ज हुई है, जो सामान्य से लगभग 50 प्रतिशत कम है.

## सात स्कूल वाहनों पर परिवहन की कार्रवाई

**धार.** जिले के धामनोद क्षेत्र में परिवहन विभाग ने विशेष जांच अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले सात स्कूल वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 33 हजार रुपये का जुर्माना वसूला. जिला कलेक्टर राजीव रंजन मीना के निर्देश पर क्षेत्र में संचालित स्कूल वाहनों की विशेष जांच की गई. अभियान के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में संचालित लगभग 50 स्कूल वाहनों का भौतिक सत्यापन किया. जांच के दौरान वाहनों के फिटनेस प्रमाण-पत्र, वैध परमिट, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र, चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई.

## स्वच्छता को अपने दैनिक व्यवहार एवं जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाना : राजेश

### एनसीएल मुख्यालय में आयोजित हुई जन-जागरूकता रैली

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 25 जून। एनसीएल मुख्यालय में आज गुरुवार को स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सिंगरौली स्थित केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के लिए स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया।**




रैली विद्यालय परिसर से प्रारम्भ होकर एनसीएल मुख्यालय स्थित पंजरेह भवन तक पहुँची, जहाँ इसका समापन हुआ, रैली में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत, स्वच्छता भी जरूरी है, पढ़ाई भी जरूरी है तथा गंदगी भगाओ देश बचाओ जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। विद्यार्थियों के उत्साह, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना ने उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। पंजरेह भवन में रैली का स्वागत राजेश त्रिवेदी महाप्रबंधक समीर बरला, महाप्रबंधक, आरके राठौर, प्रबंधक तथा कल्याण विभाग के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजेश त्रिवेदी महाप्रबंधक ने विद्यार्थियों द्वारा निकाली गई स्वच्छता रैली को समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत, की संकल्पना को साकार करने के लिए स्वच्छता को अपने दैनिक व्यवहार एवं जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाना आवश्यक है।

## गोदवाली स्कूल की व्यवस्थाओं पर अभिभावकों ने उठाए सवाल

### सोशल मीडिया पर वीडियो साझा कर जांच की मांग

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 25 जून। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोदवाली की व्यवस्थाओं को लेकर स्थानीय अभिभावकों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्राम निवासी प्रवीण कुमार तिवारी द्वारा सोशल मीडिया पर एक वीडियो और आवेदन साझा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी से मामले की जांच कराने की मांग की गई है।**



आवेदन में दावा किया गया है कि विद्यालय समय पर नहीं खुलता, जिसके कारण कई बच्चे स्कूल पहुंचने के बाद वापस घर लौट जाते हैं। अभिभावकों ने यह भी आरोप लगाया है कि शिक्षकों की उपस्थिति नियमित नहीं रहती और वे अपनी सुविधा अनुसार विद्यालय आते-जाते हैं। साझा किए गए आवेदन में शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर भी प्रश्न उठाए गए हैं। अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय में अध्ययनरत कई बच्चों को बुनियादी शैक्षणिक जानकारी, जैसे पहाड़े भी ठीक से याद नहीं हैं, जिससे पढ़ाई के स्तर को लेकर चिंता बढ़ गई है। अभिभावकों ने डीईओ से वीडियो का संज्ञान लेकर जांच टीम गठित करने, विद्यालय की वास्तविक स्थिति की जांच कराने तथा आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि बच्चों के भविष्य को देखते हुए विद्यालय में नियमित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। फिलहाल आवेदन में लगाए गए आरोप अभिभावकों के दावे हैं, जिनकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

## विकसित भारत के निर्माण में युवाओं को अधिक अवसर दें विश्वविद्यालय : राज्यपाल

**भोपाल.** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि विकसित भारत 2047 की संकल्पना को साकार करने के लिए विश्वविद्यालयों को युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए उन्हें अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने चाहिए. विद्यार्थियों में राष्ट्र निर्माण की भावना, कौशल, योग और सामाजिक सरोकारों का विकास करना समय की आवश्यकता है. श्री पटेल ने गुरूवार को लोकभवन में विश्वविद्यालय समन्वय समिति की 102वीं बैठक को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर विशेषकर युवाओं से संवाद किया जा रहा है.

### पेज एक का शेष

## ईडी ने एलएनसीटी ग्रुप से 4 करोड़ की नकदी की जब्त

सोसायटी में तलाशी की कार्रवाई चौकसे समूह से जुड़े आवासीय परिसरों, कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, ट्रस्टों तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में की गई. तलाशी के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज /सामग्री, डिजिटल साक्ष्य, संपत्ति संबंधी दस्तावेज भी जब्त किए गए. जानकारी के मुताबिक छापेमारी के दौरान नकदी और सोना मिलने के साथ ही मोबाइल फोन, डिजिटल उपकरण, ईआरपी एवं टैली डेटा, वित्तीय अभिलेख, संपत्ति संबंधी दस्तावेज तथा अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज भी ईडी ने जब्त किए है.

गौरतलब है कि आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्लू) ने कुछ महीने पहले अरबों रुपए की वित्तीय अनियमितताओं के मामले में कार्रवाई की थी. इसके बाद ईडी भी सक्रिय हुआ. आस्था फाउंडेशन फॉर एजुकेशन सोसायटी की निधियों के बड़े पैमाने पर गबन एवं दुरुपयोग से संबंधित वित्तीय धोखाधड़ी के आरोप सामने आए. संबंधित मामले में जयनारायण चौकसे सहित अन्य व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आधार पर यह जांच शुरू की गई.

ईडी की जांच में सामने आया कि आस्था फाउंडेशन फॉर एजुकेशन सोसायटी, जो कई शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य सेवा संस्थानों का संचालन करती है, चौकसे परिवार के सदस्यों और उनके सहयोगियों के नियंत्रण में थी. सोसायटी और उसके संस्थानों के नाम पर छात्रों से प्राप्त शुल्क, छात्रवृत्ति अनुदान के साथ ही बैंकों से प्राप्त ऋणों की राशि को आरोपित व्यक्तियों के नियंत्रण वाले संबद्ध ट्रस्टों, कंपनियों और अन्य संस्थाओं को स्थानांतरित किया गया था.

# वन विभाग के एसडीओ पर दुष्कर्म का आरोप

- पीएचक्यू पहुंचकर महिला ने की शिकायत

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 25 जून. पुलिस मुख्यालय पहुंकर गुना जिला निवासी एक महिला ने वन विभाग के एसडीओ के खिलाफ शिकायत की है. पुलिस महानिदेशक के नाम आवेदन देते हुए महिला ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है.**

महिला का आरोप है कि वन विभाग के एसडीओ ने उसके साथ दुष्कर्म किया है.

> गुना बमौरी पुलिस ने शिकायत के बाद भी आरोपी की अभी तक गिरफ्तारी नहीं की है. जानकारी के मुताबिक महिला ने बमौरी थाने में सुरेश अहिरवार एसडीओ वन विभाग पर उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है. पीड़िता का कहना है कि पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया है पर, आरोपी की गिरफ्तारी अबतक नहीं हुई है. आरोपी का तबादला वर्तमान में वन विभाग ग्वालियर में किया गया है. पीड़िता का आरोप है कि उनके पास राजीनामा करने की आरोपी धमकियां भेज रहा है.


**नाम सुधार की सूचना**

मैं कुतबुद्दिन ऐनुद्दीन सय्यद पिता ऐनुद्दीन सय्यद आयु 47 निवासी-175 ग्राम बरौली पोस्ट-बरौली थाना अजयगढ़ तहसील अजयगढ़ जिला पन्ना म.प्र. का निवासी हूँ । मै निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूँ कि मै कुतबुद्दिन ऐनुद्दीन सय्यद पिता ऐनुद्दीन सय्यद निवासी-175 ग्राम बरौली पोस्ट-बरौली थाना अजयगढ़ तहसील अजयगढ़ जिला पन्ना म.प्र. का निवासी हूं पहले मेरे समस्त दस्तावेजो जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड, अंकसूची बगैरह मे मेरा नाम कुतबुद्दिन लिखा हुआ था जिसको मैने अपने समस्त दस्तावेजो मे आधार कार्ड, पेन कार्ड, अंकसूची बगैरह मे रिकार्ड सुधार कराकर कुतबुद्दिन ऐनुद्दीन सय्यद करा लिया है अब मेरे सभी दस्तावेजों मे मेरा नाम कुतबुद्दिन ऐनुद्दीन सय्यद ही पढ़ा जाये एवं वही मान्य हो ।

''सूचनाकर्ता''
कुतबुद्दिन ऐनुद्दीन सय्यद
निवासी-175 ग्राम बरौली पोस्ट-बरौली थाना-अजयगढ़, तहसील- अजयगढ़ जिला- पन्ना म.प्र.

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, अभिषेक पटेल (पटेल अभिषेक कुमार बाबूलाल), पिता [बाबूलाल पटेल], निवासी ग्राम पोस्ट खरमसेड़ा, तहसील मैहर, जिला सतना, मध्य प्रदेश – 485775, यह घोषित करता हूँ कि मैंने अपना नाम (अभिषेक पटेल) रख लिया है और भविष्य में सभी शासकीय एवं गैर-शासकीय कार्यों में इसी नाम से जाना जाऊँगा।

**नाम संशोधन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं ज्ञानवेन्द्र कुमार पाण्डेय (GYANVENDRA KUMAR PANDEY) पुत्र श्री मोहनलाल पाण्डेय निवासी ग्राम/पो0 बरांव, तहसील हनुमना, जिला - मऊगंज (म0प्र0) पिन 486331 है । मेरी पुत्री के आधार कार्ड नंबर-942487314784 में नाम आरती पाण्डेय (ARTI PANDEY) है व अन्य दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम अनन्या पाण्डेय (ANANYA PANDEY) है ।भविष्य में मेरी पुत्री को अनन्या पाण्डेय (ANANYA PANDEY) के नाम से ही जाना और पहचाना जाय । प्रकाशन उपरांत मेरी पुत्री का नाम अनन्या पाण्डेय (ANANYA PANDEY) के नाम से जाना, पहचाना, पढ़ा, सुना, समझा एवं अभिलेखों में दर्ज किया जावे ।

अनन्या पाण्डेय (ANANYA PANDEY)
ज्ञानवेन्द्र कुमार पाण्डेय (GYANVENDRA KUMAR PANDEY)

**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला- रीवा (म.प्र.)**

**//निविदा सूचना//**

क्रमांक-1025/ई-टेंडर/जोन-02-03/न.पा.नि./2026 रीवा, दिनांक 24.06.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2026_UAD_517369_1 25.06.2026 [FIRST CALL] 1022/24.06.2026 | जोन क्रमांक-02 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-18 में व्यंकट रोड में स्थित शंकर लाइट हाउस के बगल से पुराने कलेक्ट्रेट के पीछे हनुमान मंदिर तक सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य। | 03 माह रु.26.68 लाख | रु. 5000 रु. 20010.00 | 27.07.2026 18 बजे तक |
| 2 | 2026_UAD_517370_1 25.06.2026 [FIRST CALL] 1023/24.06.2026 | जोन क्रमांक-02 अंतर्गत वार्ड क्रमांक - 20, रानीगंज एरिया में सड़क डामरीकरण का कार्य। | 04 माह रु.37.49 लाख | रु. 5000 रु. 28118.00 | 27.07.2026 18 बजे तक |
| 3 | 2026_UAD_517372_1 25.06.2026 [FIRST CALL] 1024/24.06.2026 | जोन क्रमांक- 03 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-16 में आदेश सिंह जी के घर से मुख्य मार्ग NH-39 तक सीमेंट कॉंक्रीट सड़क एवं RCC नाली निर्माण कार्य । | 03 माह रु.20.17 लाख | रु. 5000 रु. 15128.00 | 27.07.2026 18 बजे तक |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
(जोन क्रमांक- 02, 03)
नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)